होगा।

विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावक मीटिंग का आयोजन



मूण्डवा के मॉडल स्कूल में चर्चा करते अभिभावक व शिक्षक।

मूण्डवा. स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, मूण्डवा में गुरुवार को विद्यालय एसडीएमसी व बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के परिजनों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्तमान समय में बच्चों की पढ़ाई में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। अभिभावक सांवराराम बेड़ा ने बताया कि वर्तमान में बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को गणित व विज्ञान में बहुत परेशानी हैं। परिजनों से विद्यार्थियों की परेशानियों व ऑनलाइन कक्षाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रभारी मनीषा कविया, मुकेश प्रजापत, सुरेश बाटन, श्यामसुंदर जांगिड़ ने सभी परिजनों से ऑनलाइन कक्षाओं पर फीडबैक लिया। एसडीएमसी की बैठक में विद्यालय विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्राथमिक विद्यालय भवन के निर्माण का अवलोकन किया व ठेकेदार को सही कार्य के लिए निर्देश दिए। प्रधानाचार्य हनुमान चौधरी ने अभिभावकों से अपने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने और ऑनलाइन क्लास के समय बच्चों के साथ रहकर उसे प्रोत्साहित करने व निगरानी रखने का आग्रह किया।

विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावकों की बैठक

मूण्डवा। शहर के स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में गुरूवार को विद्यालय एसडीएमसी व बोर्ड कक्षाओं के छात्रों के परिजनों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वर्तमान समय मे बच्चों की पढ़ाई में आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रभारी मनीषा कविया, मुकेश प्रजापत, सुरेश बाटन, श्यामसुंदर जांगिड़ ने सभी परिजनों से ऑनलाइन कक्षाओं पर फीडबैक लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य हनुमान चौधरी ने ऑनलाइन क्लास के समय बच्चों के साथ रहकर उसे प्रोत्साहित करने व बच्चे की निगरानी पर जोर देने की बात कही।